दिल है बेकरार श्याम तेरे बिना

दिल है बेकरार श्याम तेरे बिना,
श्याम तेरे बिना छलिया तेरे बिना,
जिया है बेकरार श्याम तेरे बिना.....

श्याम देखो हमारे दो नैना,
हुए रो रो के लाल तेरे बिना,
दिल है बेकरार तेरे बिना.....

श्याम देखो हमारो यह मुखड़ा,
हुआ कैसा उदास तेरे बिना,
दिल है बेकरार तेरे बिना.....

श्याम देखो हमारा कलेजा,
हुआ जल जलके राख तेरे बिना,
दिल है बेकरार तेरे बिना.....

श्याम देखो हमारी जवानी,
हुए लाखों फ़िदा तेरे बिना,
दिल है बेकरार तेरे बिना.....

श्याम देखो हमारा बुढ़ापा,
कोई पूछे ना बात तेरे बिना,
दिल है बेकरार तेरे बिना.....

श्याम देखो हमारो यह मरना,
कोई देता ना आग तेरे बिना,
दिल है बेकरार तेरे बिना.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27417/title/dil-hai-bekarar-shyam-tere-bina

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |